**Date:** August 5, 2026

To,
**Listing Compliance Department**
**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai – 400 051.

Dear Sir / Madam,

**Sub: Intimation under Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 - Newspaper Advertisements in respect of Extra Ordinary General Meeting.**

**Ref: Kataria Industries Limited (Symbol: KATARIA, ISIN: INE0SVY01018)**

Please find enclosed herewith copy of Newspaper Advertisements published in Financial Express - (in English) and Chautha Sansar – (in Hindi) on August 5, 2026 with respect to Extra Ordinary General Meeting of the Company.

You are requested to kindly take the same on record.

Thanking You,

**For Kataria Industries Limited**

ARUN KATARIA Digitally signed by ARUN KATARIA Date: 2026.08.05 14:58:03 +05'30'

**Arun Kataria**
**Managing Director**
**DIN: 00088999**

**Place:** Ratlam

Encl: A/a.

## एक नजर

### अंधे कत्ल का पर्दाफाश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 6 पुलिसककर्मी सम्मानित

इंदौर। साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के अंतगर्त आज पलासिया स्थित कार्यालय में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह द्वारा उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले निम्न 6 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरुस्कार से सम्मानित कर बधाई दी और उन्हें आगे भी ऐसे ही बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही इस अवसर पर अति पुलिस आयुक्त (अप./मुख्या) आर.के. सिंह सहित उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियो ने भी पुरुस्कृत पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया। पुरुस्कृत पुलिसकर्मी- निरीक्षक रवीन्द्र पाराशर, प्रआर 1480 मुकेश लोभाना, प्रआर. पंकज बघेल, प्रआर 3313 प्रदीप शर्मा, प्रआर 3302 लोकेश प्रजापत, आ? 2964 संजीव धर थाना सेंट्रल कोतवाली - थाना सेंट्रल कोतवाली क्षेत्रांतर्गत हुए अंधे कत्ल का पदार्फाश कर आरोपी को गिरफ्तार करने के सराहनीय कार्य करने पर। इसके साथ ही पुलिस मुख्यालय के निर्देशन मे चलाये गये ?नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के सफल आयोजन में उत्कृष्ट कार्य कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले, पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदाय कर सम्मानित किया गया।



### भरतनाट्यम नृत्य 60 छात्राओ ने सीखा

इंदौर। वरदा कला संस्थान द्वारा शासकीय हाईसेकेंडरी स्कूल चितावद, आनंद नगर में दो दिवसीय निःशुल्क भरतनाट्यम कार्यशाला आयोजित की गई। इस आयोजन में 60 से अधिक छात्रों ने सह भागिता की। कार्यक्रम में प्राचार्य शशिकांत जायसवाल, सुश्री सुनीता पांडे, रूनू पवार, शिल्पी जैन, संगीता व्यास दीदी, सुनीता दीदी, का विशेष सहयोग मिला। कार्यशाला में छात्रों ने भरतनाट्यम का इतिहास, भूमिप्रणाम, अड़वु, पाद भेद, हस्त मुद्रा, ताल, लय, रग, के साथ ही शिव श्लोक अंगिकम भुवन यास्या वाचिकम, पर नृत्य सीखा। समापन अवसर पर संस्थान की निर्देशिका श्रुति राजीव शर्मा का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य भारत की सबसे पुरानी कला को जनजन और नई पीढ़ी से अवगत कराना था।

### वाहन चेकिंग के दौरान सतर्कता से प्रतिबंधित ई-सिगरेट की खेप जब्त

इंदौर,(नप्र)। विजय नगर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध लगातार प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आरओपी वाहन चेकिंग के दौरान विजय नगर पुलिस टीम की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से प्रतिबंधित ई-सिगरेट की अवैध खेप बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कल मध्यरात्रि में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल चालक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर उसे सुरक्षित पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके बैग से प्रतिबंधित (वेप) के चार पैकेट बरामद हुए, जिनमें विभिन्न फ्लेवर उपलब्ध थे। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुमित नंद, पिता श्री सुनील नंद, उम्र 31 वर्ष, निवासी 483, रेत मंडी कॉलोनी, औद्योगिक क्षेत्र, इंदौर बताया। आरोपी के कब्जे से बरामद प्रतिबंधित ई-सिगरेट की अनुमानित कीमत लगभग 10,000/- है।

### टीपीएस योजनाओं में होगा उद्यानों और हरित क्षेत्रों का विकास

इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण अपनी टाउन प्लानिंग स्कीम (टीपीएस) योजनाओं के तहत पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर उद्यानों और हरित क्षेत्रों का विकास कर रहा है। करोड़ों की इस योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। पिछली बोर्ड की बैठक में इस प्रस्ताव को पारित किया गया है। उद्यानों को विकसित करने के लिए आईडीए ने टैंडर प्रक्रिया शुरु कर दी है। आईडीए का इन पहलों का मुख्य उद्देश्य इंदौर शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार करना, जैव विविधता को बढ़ावा देना और नागरिकों को प्राकृतिक हरित क्षेत्र उपलब्ध कराना है।

# मां से बिछड़ा एक साल का मासूम

## प्रेमाश्रय पर कार्रवाई के बाद तीन दिन से अलग रह रहा, मां की गोद के लिए तड़प रहा बच्चा

इंदौर,(नप्र)। प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन ने वृद्धाश्रम खाली कराकर उसे ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के बीच एक ऐसी मानवीय कहानी सामने आई है, जिसने सभी को भावुक कर दिया। मामला एक साल के मासूम का है, जो पिछले तीन दिनों से अपनी मां से अलग है।

जानकारी के मुताबिक, 30 वर्षीय एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को 21 जून 2025 को लसूडिया पुलिस ने रेलवे ट्रैक के पास लावारिस हालत में रेस्क्यू किया था। उस समय वह गर्भवती थी। उसकी पहचान और परिजनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर प्रशासन ने उसे प्रेमाश्रय वृद्धाश्रम में आश्रय दिया।

### वृद्धाश्रम में हुआ बच्चे का जन्म

जुलाई 2025 में महिला ने वृद्धाश्रम में ही बेटे को जन्म दिया। तब से मां और बेटा दोनों प्रेमाश्रय में साथ रह रहे थे।

### कार्रवाई के दौरान मां-बेटे हो गए अलग

बुजुर्गों से मारपीट के मामले के बाद प्रशासन ने प्रेमाश्रय खाली कराने का फैसला लिया। कार्रवाई के दौरान सभी बुजुर्गों को अलग-अलग आश्रय गृह और अस्पतालों में भेज दिया गया। महिला को भी दूसरे आश्रय गृह में शिफ्ट कर दिया गया, जबकि उसका एक साल का बेटा प्रेमाश्रय में ही रह गया। पिछले तीन दिनों से मां और बेटा एक-दूसरे से अलग हैं।

### मां की गोद के लिए रो पड़ता है मासूम

वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों ने बताया कि बच्चे को दूध और अन्य भोजन नियमित रूप से दिया जा रहा है, लेकिन मां की गोद न मिलने पर वह बार-बार रोने लगता है। उसे संभालने की पूरी कोशिश की जा रही है, फिर भी मां की कमी साफ महसूस हो रही है।

### प्रशासन से मां-बेटे को मिलाने की अपील

प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान बच्चे के भविष्य को लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका। अब वे प्रशासन से आग्रह करेंगी कि मां और बेटे को फिर से साथ रहने की व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि एक साल की उम्र में बच्चा पूरी तरह मां पर निर्भर होता है और लंबे समय तक



# हर शिकायत पर गंभीरता से सुनवाई हर आवेदक को न्याय का भरोसा

## पुलिस कमिश्नर ने जनसुनवाई में प्रत्येक आवेदक की व्यथा सुन, त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के दिए निर्देश

इंदौर,(नप्र)। मध्यप्रदेश शासन के निदेर्शानुसार आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के क्रम में आज पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह द्वारा पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस कमिश्नर ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं एवं व्यथा को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समक्ष एवं दूरभाष के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रकरणों में त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आज की जनसुनवाई में कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से आपसी पारिवारिक विवाद, पति/पत्नी के विवाद, बहू-बेटे द्वारा माता-पिता को प्रताड़ित करने की शिकायतें, फर्जी लोन लेने, पैसों के लेन-देन, प्लॉट/मकान एवं भूमि संबंधी धोखाधड़ी व विवाद, वित्तीय (फाइनेंशियल) फ्रॉड, महिला अपराध, पुलिस द्वारा सुनवाई न होने संबंधी शिकायतें तथा अन्य पुलिस संबंधी प्रकरण शामिल रहे। पुलिस कमिश्नर इंदौर ने उपस्थित सभी आवेदकों को आश्वस्त किया कि इंदौर पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

जनसुनवाई के दौरान अति पुलिस आयुक्त मयंक अवस्थी सहित सभी जोन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याओं को विस्तार से सुनकर कई प्रकरणों में मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कराई तथा शेष मामलों में शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, इंदौर पुलिस द्वारा मध्यस्थता केंद्रों के माध्यम से भी आपसी एवं पारिवारिक विवादों में काउंसलिंग कर पक्षकारों के बीच संवाद स्थापित करने तथा विवादों का शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं शीघ्र समाधान कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे अनावश्यक विवादों एवं न्यायिक

# एसएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र ने किया सुसाइड

## 15 दिन पहले ही कोचिंग के लिए इंदौर आया था, दोस्तों ने कमरे में फंदे पर लटका देखा

इंदौर,(नप्र)। भंवरकुआ थाना क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे 18 वर्षीय छात्र ने सोमवार रात किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब चला, जब उसके दो दोस्त कोचिंग से लौटकर कमरे पर पहुंचे। वे उसे तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान प्रियांश (18) पुत्र अजीत कौरव निवासी इंद्रपुरी कॉलोनी जिला नरसिंहगढ़-गाडरवाड़ा के रूप में हुई है। वह एसएससी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए करीब 15 दिन पहले ही इंदौर आया था और भंवरकुआ क्षेत्र में अपने तीन दोस्तों के साथ किराए के कमरे में रह रहा था।

### दोस्त कोचिंग गए, लौटे तो फंदे पर मिला

मृतक के दोस्त शिवम ने बताया कि सोमवार शाम वह और एक अन्य साथी कोचिंग गए थे। करीब आधे घंटे पहले उनका तीसरा दोस्त भी किसी परिचित से मिलने के लिए कमरे से निकल गया था। उस समय प्रियांश कमरे में अकेला था। जब दोनों वापस लौटे तो वह फंदे पर लटका मिला। उसे तुरंत नीचे उतारकर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**पढ़ाई नहीं हो रही थी, घर लौटना चाहता था-** दोस्तों के मुताबिक प्रियांश को इंदौर आए करीब 15 दिन ही हुए थे। वह एसएससी परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग में डेमो क्लास कर रहा था, लेकिन उसका पढ़ाई में मन नहीं लग रहा था। उसने अपने माता-पिता से फोन पर बात कर घर लौटने की इच्छा भी जताई थी। परिजनों ने उसे वापस आने के लिए कह दिया था, लेकिन इससे पहले ही उसने यह कदम उठा लिया।

**किसान परिवार से था, नहीं मिला सुसाइड नोट-** प्रियांश के परिवार में माता-पिता और एक बड़ा भाई है, जो भोपाल में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। उसके पिता किसान हैं। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल भंवरकुआ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# देवास से इंदौर खरीदारी करने आए व्यक्ति की मौत

## घबराहट के बाद बेहोश हुए थे, डॉक्टरों ने हार्ट अटैक से मृत घोषित किया

इंदौर,(नप्र)। राजबाड़ा क्षेत्र में सोमवार शाम खरीदारी करने आए देवास निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत हो गई। अचानक घबराहट होने के बाद वह बेहोश होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सराफा पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान विक्रम (50) पुत्र नाथूलाल चौहान, निवासी बागली (देवास) के



रूप में हुई है। वह अपने एक रिश्तेदार के साथ इंदौर के राजबाड़ा क्षेत्र में खरीदारी करने आए थे। सामान लेने के दौरान वह एक दुकान पर बैठे थे। इसी बीच उन्हें अचानक घबराहट हुई और कुछ ही देर में वे बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने बिना देर किए ऑटो से उन्हें एमवाय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर मौत की वजह हार्ट अटैक मानी जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी।

परिजनों ने बताया कि विक्रम बागली में एक एनजीओ से जुड़े हुए थे। उनके परिवार में पत्नी, चार बच्चे और अन्य सदस्य हैं। पुलिस ने मर्ग

# जिला कोर्ट परिसर में बनेगा स्मार्ट टॉयलेट, रोड-पेवर ब्लॉकों की होगी मरम्मत

## महापौर ने अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों से जानी समस्याएं

इंदौर (नप्र)। इंदौर जिला कोर्ट परिसर में जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्मार्ट टॉयलेट बनाया जाएगा। मंगलवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जिला कोर्ट परिसर का निरीक्षण कर जनता की सुविधाओं का जायजा लिया और अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने बंद पड़े प्याऊ को जल्द शुरू करने, उखड़े हुए पेवर ब्लॉकों की मरम्मत और परिसर की सड़कों को दुरुस्त कराने के लिए अधिकारियों को कहा।




महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि न्यायालय परिसर में रोजाना बड़ी संख्या में अधिवक्ता, पक्षकार एवं आम लोग आते हैं, इसलिए यहां सभी मूलभूत सुविधाएं सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से उपलब्ध होना आवश्यक है। महापौर भार्गव ने आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्मार्ट टॉयलेट के निर्माण की घोषणा भी की।

### लगातार काम कर रहा नगर निगम

उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर बेहतर आधारभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए निरंतर काम कर रहा है और जिला न्यायालय परिसर भी इस दिशा में प्राथमिकता पर रहेगा। इसके बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल निर्माण काम कराना नहीं, बल्कि जनता को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराना है। सड़क, पानी, स्वच्छता, लाइट, ट्रैफिक और जनता की सुविधाओं के विकास के लिए निगम निरंतर काम कर रहा है तथा हर सुझाव और शिकायत पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई की जा रही है।

### पुराने विवाद का बदला लेने रेस्टोरेंट में लगाई थी आग

इंदौर,(नप्र)। विजय नगर पुलिस ने ओम साईं राम रेस्टोरेंट में हुई आगजनी की घटना का खुलासा किया है। आरोपी ने पुराने विवाद के चलते पेट्रोल छिड़ककर रेस्टोरेंट में आग लगाई थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, कृष्णाबाग कॉलोनी निवासी नीरज साहू के ओम साईं राम रेस्टोरेंट में 11 जून की रात आगजनी की घटना हुई थी। मामले की जांच के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। इनमें श्रद्धा श्री कॉलोनी निवासी वरुण तेवरी घटना के बाद रेस्टोरेंट से जाते हुए दिखाई दिया। घटना के पांच दिन बाद नीरज साहू ने पुलिस को बताया कि उसका पहले वरुण तेवरी से विवाद हो चुका था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में वरुण ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक / INDAL0720260059 — **विज्ञप्ति** — दिनांक 30.07.2026

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियो का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा ग्राम- मुरादपुरा, तहसील-सांवेर, जिला-इन्दौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है :-

| अ क्र. | कालोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिये विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रुप में बंधक रखे गये भूखंडो का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | भूमिस्वामी 1. श्री मनोहर पिता स्व. श्री छोगालाल चौधरी 2. श्री मेहरबान पिता श्री छोगालाल चौधरी 3. महेश पिता स्व. श्री छोगालाल चौधरी 4. कविता पिता श्री छोगालाल 5. श्री राकेश पिता श्री रामचंद्र चौधरी 6. श्री केदार पिता श्री रामचंद्र चौधरी 7. श्री अमन चौधरी पिता श्री संजय चौधरी 6. मंजू चौधरी पिता श्री संजय चौधरी 9. प्रीती चौधरी पिता श्री संजय चौधरी तर्फे विकासकार्त एस.आर. रियलिटी तर्फे भागीदार श्री राहुल अग्रवाल पिता मुकेश अग्रवाल 2. श्री निलेश अग्रवाल पिता मुकेश अग्रवाल पता-11/1, आर.एस. भण्डारी मार्ग, इन्दौर (म.प्र.) कालोनी का नाम GURU KRIPRA PHASE - 2 | ग्राम - मुरादपुरा तहसील-सांवेर जिला - इन्दौर स्थित भूमि सर्वे नंबर 350/10 रकबा 0.967 हे., सर्वे नंबर 342/1 रकबा 1.854 हे, सर्वे नंबर 342/2 रकबा 1.346 हे., सर्वे नंबर 342/7 रकबा 1.294 हे. कुल रकबा 5.461 हे. भूमि पर। | बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक MP7IGR17512026A100859600 इंदौर दिनांक 13.07.2026 से भूखण्ड क्रं. बी-1 से बी-57 तक, बी-242 से बी-257 तक, बी-295 से बी-322 तक, बी-276, बी-323, बी-324, बी-373 इस प्रकार कुल 105 भूखण्ड है जिसका कुल क्षेत्रफल 7671.01 वर्गमीटर है, बंधक रखे गये है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 105 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रुप में बंधक रखे गये है अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भुखंडो का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।
(कलेक्टर महोदय एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेशित)

अपर कलेक्टर
जिला-इंदौर



**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक / INDAL0720260059 — **विज्ञप्ति** — दिनांक 30.07.2026

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियो का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा ग्राम- मुरादपुरा, तहसील-सांवेर, जिला-इन्दौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है :-

| अ क्र. | कालोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिये विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रुप में बंधक रखे गये भूखंडो का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | भूमिस्वामी 1. श्रीमती सरजूबाई पति श्री रामचंद्र 2. श्री केदार पिता श्री रामचंद्र चौधरी 3. श्री राकेश पिता श्री रामचंद्र चौधरी 4. श्री अमन चौधरी पिता श्री संजय चौधरी 5. मंजू चौधरी पति श्री संजय चौधरी, 6, प्रीती चौधरी पिता श्री संजय चौधरी 7. सीमा पिता श्री रामचंद्र चौधरी 8. साईं बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स तर्फे श्रीमती राजकुमारी मोर्य पति रमेश मोर्य, रीता मोर्य पति श्री राजेश मोर्य सोनी मोर्य पति श्री राकेश मोर्य तर्फे विकासकर्ता- एस.आर. रियलिटी तर्फे भागीदार श्री राहुल अग्रवाल पिता मुकेश अग्रवाल 2. श्री निलेश अग्रवाल पिता श्री मुकेश अग्रवाल पता- 11/1, आर. एस. भण्डारी मार्ग, इंदौर (म.प्र.) कालोनी का नाम GURU KRIPRA PHASE - 5 | ग्राम - मुरादपुरा तहसील-सांवेर जिला - इन्दौर स्थित भूमि सर्वे नंबर 350/4 रकबा 0.717 हे., सर्वे नंबर 350/5 रकबा 0.291 हे, सर्वे नंबर 350/6 रकबा 0.462 हे., सर्वे नंबर 352/1 रकबा 1.791 हे. सर्वे नंबर 349/6 रकबा 2.528 हे., कुल रकबा 5.789 हे. भूमि पर। | बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक MP7IGR17512026A100859569 इंदौर दिनांक 13.07.2026 से भूखण्ड क्रं. ई-161 से ई-171 तक, ई-175 से ई-179 तक, ई-311 से ई-349 तक, ई-359 से ई-361 तक, ई-369 से ई-472 तक इस प्रकार कुल 162 भूखण्ड है जिसका कुल क्षेत्रफल 8293 वर्गमीटर है, बंधक रखे गये है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 162 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रुप में बंधक रखे गये है अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भुखंडो का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।
(कलेक्टर महोदय एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेशित)

अपर कलेक्टर
जिला-इंदौर



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग उज्जैन, ग्रामीण**

क्रमांक/रीडर-1/2026/ ॥ **विज्ञप्ति** ॥ उज्जैन, दिनांक-03.08.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील उज्जैन अंतर्गत ग्राम दाउदखेड़ी स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 110/1/2 रकबा 4.15 हेक्टेयर में से 0.80 हेक्टेयर पर केंद्रीकृत रसोई निर्माण हेतु भूमि आवंटन किए जाने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में अध्यक्ष, आचार्य रत्नदास, अक्षयपात्र फाउंडेशन द्वारा नजूल निर्वतन नियम 2020 अंतर्गत प्रारूप 1 में भूमि आवंटन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/समूह/संस्था को आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यकाल में नियत समयावधि 18/08/2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग उज्जैन**



Kataria
KATARIA TENASYO
Wired for Excellence

**कटारिया इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड**
(Earlier Known as Kataria Industries Private Limited)
**पंजीकृत कार्यालय:** 34-38 एवं 44, औद्योगिक क्षेत्र, रतलाम, मध्य प्रदेश 457001, **मोबाइल:** +91 9981828377, +91 7412 261141/42/43;
**ई-मेल:** cs@katariagroup.co.in | **वेबसाइट:** www.katariaindustries.co.in

**कंपनी की असाधारण साधारण सभा (EOGM), कट-ऑफ तिथि एवं ई-वोटिंग के संबंध में सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("MCA") द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, परिपत्र सं. 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर 2022 तथा परिपत्र सं. 03/2025 दिनांक 22 सितंबर 2025 (सामूहिक रूप से ''MCA परिपत्र'') के अनुसार, बिना किसी सामान्य स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (''VC'')/ अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम (''OAVM'') के माध्यम से असाधारण साधारण सभा आयोजित करने की अनुमति के तहत, कटारिया इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड की असाधारण साधारण सभा दिनांक बुधवार, 26 अगस्त 2026 को दोपहर 12:30 बजे (IST) VC/OAVM के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें EOGM की सूचना में वर्णित विशेष कार्यों का निपटान किया जाएगा।

उपरोक्त MCA परिपत्रों एवं SEBI परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62, दिनांक 13 मई 2022 के अनुसार, EOGM की सूचना केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी जा रही है जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के पास दिनांक 31 जुलाई 2026 (शुक्रवार) तक पंजीकृत हैं। सदस्य ध्यान दें कि EOGM की सूचना कंपनी की वेबसाइट www.katariaindustries.co.in, NSE की वेबसाइट www.nseindia.com तथा NSDL की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

जिन शेयरधारकों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, वे निम्न प्रक्रिया द्वारा अस्थायी रूप से अपना ईमेल पंजीकृत करा सकते हैं:

1. यदि शेयर भौतिक मोड में रखे जाते हैं, तो कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति) ईमेल द्वारा cs@katariagroup.co.in भेज सकते हैं।
2. यदि शेयर डीमैट मोड में रखे जाते हैं, तो कृपया cs@katariagroup.co.in को ईमेल द्वारा डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकों का डीपीआईडी + सीएलआईडी या 16 अंकों का लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति) प्रदान करें।
3. वैकल्पिक रूप से सदस्य evoting@nsdl.com को बिंदु (1) या (2) में उल्लिखित विवरण साबित करके यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए एक ई-मेल अनुरोध भेज सकते हैं।

ईमेल पंजीकरण सफल होने के बाद, सदस्यों को EOGM की सूचना एवं ई-वोटिंग प्रक्रिया, यूजर आईडी एवं पासवर्ड सहित प्राप्त होगी। कंपनी में कोई भौतिक शेयरधारक न होने के कारण, सदस्यों का रजिस्टर बंद नहीं किया जाएगा। **बुधवार, 19 अगस्त 2026 (कट-ऑफ तिथि)** को जिन सदस्यों के नाम दर्ज होंगे, वही ई-वोटिंग का अधिकार रखेंगे। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 एवं SEBI (LODR) विनियम, 2015 के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। इसके लिए कंपनी ने NSDL के साथ समझौता किया है।

**ई-वोटिंग की अवधि**

- **प्रारंभ:** रविवार, 23 अगस्त 2026, प्रातः 9:00 बजे
- **समाप्ति:** मंगलवार, 25 अगस्त 2026, सायं 5:00 बजे

निर्धारित अवधि के बाद ई-वोटिंग बंद हो जाएगी। एक बार डाले गए वोट में परिवर्तन संभव नहीं होगा। जो सदस्य पहले ही ई-वोटिंग कर चुके हैं, वे EOGM में शामिल हो सकते हैं, परंतु पुनः वोट नहीं कर सकेंगे।

EOGM की सूचना के बाद कंपनी के सदस्य बनने वाले व्यक्ति, जो कट-ऑफ तिथि तक शेयर धारित करते हैं, वे evoting@nsdl.com या cs@katariagroup.co.in पर अनुरोध कर लॉगिन विवरण प्राप्त कर सकते हैं। यदि पासवर्ड भूल जाएं तो www.evoting.nsdl.com पर "Forgot Password" विकल्प का उपयोग करें। ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न हेतु www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध FAQs देखें या टोल फ्री नंबर 022-4886 7000 पर संपर्क करें।

**अधिक जानकारी हेतु:**

श्री अरुण कटारिया, प्रबंध निदेशक; ईमेल: cs@katariagroup.co.in, फोन: +91 7412 261141/42/43 पर संपर्क करें।

**कटारिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
(पहले कटारिया इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
एस डी
**अरुण कटारिया**
प्रबंध निदेशक

**स्थान:** रतलाम
**दिनांक:** 4 अगस्त, 2026